

# मुफ्त नमकीन न देने पर फायरिंग, इलाके में फैली दहशत

**शहर में गोपीनाथ की पुलिया क्षेत्र में शराब ठेके के पास हुई घटना**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 12 जुलाई।** शहर में सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम गोपीनाथ की पुलिया स्थित शराब ठेका के पास मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। स्नैक्स दुकान पर पहुंचे कुछ बदमाशों ने कथित रूप से मुफ्त में नमकीन मांगी। दुकानदार के इनकार करते ही उन्होंने देशी कट्टा निकालकर ताबड़तोड़ करीब पांच राउंड फायरिंग कर दी।

अचानक गोलियां चलने से इलाके में भगदड़ मच गई। जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे, जबकि आसपास के दुकानदारों ने घबराकर अपनी दुकानों के शटर बंद कर दिए। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में विवाद की वजह मुफ्त में नमकीन मांगना सामने आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं तथा घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## ईवीएम, वीवीपेट का मासिक निरीक्षण आज

**मुरैना, 12 जुलाई।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में ईवीएम एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाऊस का मासिक भौतिक निरीक्षण 13 जुलाई को सुबह 11 बजे नवीन ईवीएम वेयर हाउस में किया जाएगा। निरीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्षों एवं सचिवों को पत्र भेजकर स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। निरीक्षण निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न होगा। यह आदेश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुरैना द्वारा जारी किया गया है।

# पेंशनर्स की मांगें विधानसभा व मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे : गुर्जर

**प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने मुरैना विधायक को दिया ज्ञापन**



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 12 जुलाई।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को विधायक दिनेश गुर्जर से भेंट कर पेंशनर्स की लंबित समस्याओं और 13 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने महंगाई राहत, सातवें वेतन आयोग के एरियर, स्वास्थ्य बीमा योजना, अतिरिक्त पेंशन, पेंशन गारंटी सहित विभिन्न लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग उठाई।

एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएल टुण्डेले ने कहा कि प्रदेश के लाखों पेंशनर्स लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन अब तक अपेक्षित निर्णय नहीं हो सके हैं। विधायक दिनेश गुर्जर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि पेंशनर्स की मांगें पूरी तरह न्यायोचित हैं और उन्हें मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा में भी पेंशनर्स के हितों की मजबूती से आवाज उठाई जाएगी।

**पेंशनर्स एसोसिएशन ने 13 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन**

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से विधायक दिनेश गुर्जर को 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में हरीराम पचौरिया, बीके शर्मा, अशोक तिवारी, मुरारीलाल प्रजापति, गिरवरलाल शाक्य, सुरेशचंद्र श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, रामदीन राही, केके मिश्रा, रामजीलाल सुमन, रामस्वरूप शाक्य, रामानंद शर्मा शामिल रहे।

## एक नजर में



### वृद्ध किसान ने फांसी लगाई

**मुरैना, 12 जुलाई।** दिमनी थाना क्षेत्र के ग्राम घुसगवां में रविवार सुबह 61 वर्षीय वृद्ध किसान का शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। जानकारी के अनुसार किसान रामदीन 61 पुत्र रामचरन माहौर निवासी घुसगवां शनिवार की रात जब अपने घर में था, तभी अज्ञात कारणों के चलते रामदीन ने फांसी लगा ली। रविवार की सुबह परिजन ने उसे फंदे पर झूलते हुए देखा, तब पुलिस को इत्तिला दी। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**मुरैना, 12 जुलाई।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 11 जुलाई 2026 की सुबह कुंवारी नदी के पुल से पहले एबी रोड पर करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक को किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध धारा 106 (1) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अंबाह में मारपीट के दो अलग-अलग मामले दर्ज

**मुरैना, 12 जुलाई।** अंबाह पुलिस ने फरियादी रामज्ञान बघेल नि. दच्छापुरा जौंहा की रिपोर्ट पर धर्मसिंह, हुब्बूलाल, श्रीकृष्ण एवं भूरी बघेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। घटना 7 जुलाई 2026 रात 10 बजे आरोपियों ने फरियादी के साथ मारपीट, गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। एक अन्य मामले में पुलिस ने फरियादी धीरेश श्रीवास निवासी जयकरन का पुरा की रिपोर्ट पर रामलखन एवं आशाराम श्रीवास के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।

### 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मुरैना, 12 जुलाई।** कैलारस थाना पुलिस ने 11 जुलाई 2026 की रात खुमानपुरा रोड स्थित आम के पेड़ के पास गुमटी से बंटी पुत्र लज्जाराम जाटव निवासी खुमान का पुरा रोड कैलारस को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 18 क्वार्टर देशी मदिरा बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

### पटवारी-फील्ड अधिकारियों का प्रशिक्षण जारी

**मुरैना, 12 जुलाई।** आगामी जनगणना को सुव्यवस्थित, सटीक और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में पटवारियों एवं नगरीय निकायों के फील्ड स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण पुरानी जिला पंचायत सभागार में जारी है। यह प्रशिक्षण 8 से 20 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर्स एवं प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुनील त्यागी के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को जनगणना संबंधी डीएलएच एवं बी-हैंडबुक की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में जनगणना की प्रक्रियाएं, प्रपत्रों का संधारण, आंकड़ों का संकलन, अभिलेखों का रख-रखाव तथा फील्ड स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना के निर्धारित दिशा-निर्देशों से भलीभांति अवगत कराना है, ताकि आगामी जनगणना कार्य को प्रभावी, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके।



### सेवानिवृत्ति पर प्रधानाध्यापक मायाराम को दी भावभीनी विदाई

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 12 जुलाई।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरकलां के प्रधानाध्यापक मायाराम दादौंरिया के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला शिक्षाधिकारी बीएस इंदौलिया ने कहा कि शिक्षक केवल पढ़ाने वाला कर्मचारी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होता है, जो विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कारों का संचार करता है।

समारोह की अध्यक्षता डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने ज्ञान और मूल्यों से जिम्मेदार नागरिक तैयार कर समाज और राष्ट्र का भविष्य गढ़ता है। विशिष्ट अतिथि हीरेंद्र सिंह तोमर, महेश मावई, रामलखन सिंह धाकड़, शैलेंद्र सिंह तोमर, राजेंद्र सिंह तोमर ने भी श्री दादौंरिया के अनुशासित, समर्पित और छात्रहितैषी सेवाकाल की सराहना की। समारोह में मायाराम दादौंरिया का शॉल, श्रीफल और स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

इस मौके पर श्री दादौंरिया ने कहा कि शिक्षक का सबसे बड़ा सम्मान उसके विद्यार्थियों की सफलता और उनके अच्छे संस्कार हैं। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, प्रबुद्धजन और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# न्यायाधिपति माहेश्वरी का मित्तल परिवार ने किया स्वागत, सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 12 जुलाई।** सर्वोच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त होने के बाद शनिवार को प्रथमबार गृह नगर जौरा पहुंचे पूर्व न्यायाधिपति जितेन्द्र माहेश्वरी का मप्र अग्रवाल महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मित्तल और उनके परिवारीजनों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर उनके द्वारा श्री माहेश्वरी को अग्र वैश्य शिरोमणि रत्न सम्मान से सम्मानित भी किया गया।

पूर्व नपाध्यक्ष एवं मप्र अग्रवाल (वैश्य) महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मित्तल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शारदा कैलाश मित्तल के नेतृत्व में मित्तल पेट्रोल पंप से सरस्वती कुंज तक विभिन्न स्थानों पर उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। इसके बाद मित्तल निवास पर स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मनकामेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित अभिनंदन समारोह में कैलाश मित्तल ने न्यायाधिपति श्री माहेश्वरी को अग्र वैश्य शिरोमणि रत्न सम्मान से सम्मानित किया। समारोह में समाजसेवी, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री माहेश्वरी ने कहा कि वर्ष-2005 में हाईकोर्ट न्यायाधीश बनने पर जौरा में मिला सम्मान आज भी उनकी स्मृतियों में है। उन्होंने कहा कि 21 वर्ष बाद मित्तल परिवार द्वारा किया गया यह आत्मीय स्वागत उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा।



## मवेशियों को पकड़ने शुरू किया अभियान

**मुलताई।** नगर के मुख्य मार्ग हो या फिर ताप्ती परिक्रमा मार्ग नगर की सड़कों पर गौवंश एवं मवेशिया घूमते रहते है, जिससे आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन द्वारा मवेशियों को पकड़ने के निर्देश कई बार दिए जा चुके।

रविवार से नगरपालिका द्वारा मवेशी पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले ही दिन नगर पालिका की टीम ने लगभग एक दर्जन मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों और व्यस्त क्षेत्रों में घूम रहे मवेशियों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया है।

अभियान के तहत सड़क पर घूमते पाए गए मवेशियों को सुरक्षित रूप से गौशाला पहुंचाया जा रहा है।



## पत्थर का अवैध परिवहन कर रहे ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े

**ड्राइवर हुआ फरार, रिठौराकलां पुलिस की कार्रवाई**

**मुरैना, 12 जुलाई।** रिठौराकलां पुलिस ने 12 जुलाई को पत्थरों का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान ट्रेक्टर का ड्राइवर वाहन को छोड़कर भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार पुलिस को पत्थर के अवैध परिवहन की सूचना मिलने पर बड़वारी गांव की पुलिया के पास चैक पॉइंट लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस टीम को देखकर पत्थरों से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली को छोड़कर ड्राइवर भाग निकला। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई संतोषबाबू गौतम और उनकी टीम शामिल थी।

# आज से शुरू होगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तीसरा चरण

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 12 जुलाई।** जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तीसरा चरण 13 जुलाई से शुरू होगा। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत 13 से 20 जुलाई तक जिले के 9214 पशुपालकों के घर-घर जाकर संपर्क किया जाएगा।

उप संचालक डॉ. बीके शर्मा ने बताया कि अभियान में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री कार्यकर्ता, गौसेवक और पशु सखी ऐसे पशुपालकों से संपर्क करेंगे, जिनके पास तीन से चार गौवंश या भैंसवंश के पशु हैं। उन्हें नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, संतुलित पशु आहार, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन और टीकाकरण संबंधी वैज्ञानिक जानकारी दी जाएगी। अभियान के सफल संचालन के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर संबंधित अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस दौरान पशुपालकों के मोबाइल में विभाग की चार जागरूकता रील भी साझा की जाएंगी। जिला नोडल अधिकारी डॉ. गणेश गोयनर ने बताया कि पशुपालकों को गोरस एप की जानकारी देकर संतुलित पशु आहार तैयार करने की प्रक्रिया भी समझाई जाएगी, जिससे दुग्ध उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि हो सके।

# गौ सम्मान अभियान : 27 को सौंपेंगे 5 लाख हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 12 जुलाई।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत रविवार को मंगल वाटिका माधौपुरा पुलिया पर जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के विस्तार, हस्ताक्षर अभियान और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि प्रकाश नारायण महाराज तथा अभियान के मप्र प्रभारी रामजी शर्मा रहे। इस अवसर पर विभिन्न संत, गौ-सेवक, विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



बैठक में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गौ-माता को राष्ट्रमाता घोषित करने तथा गौ संरक्षण एवं सम्मान के लिए जनजागरण अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इसके लिए जिलेभर में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 27 जुलाई को मुरैना जिले से 5 लाख हस्ताक्षरों के साथ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित प्रार्थना पत्र जिला कलेक्टर को सौंपा जाएगा। ज्ञापन में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने तथा गौ संरक्षण के लिए प्रभावी कानूनी एवं प्रशासनिक व्यवस्था लागू करने की मांग की जाएगी। बैठक के अंत में नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।

## जावेद पठान बने त्यौहार कमेटी के जिलाध्यक्ष

**मुरैना, 12 जुलाई।** शहर के गणेशपुरा स्थित कब्रिस्तान परिसर में रविवार को मुरैना मुस्लिम संगठन चंबल संभाग इकाई के तत्वावधान में सर्व समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के साथ युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया। बैठक में आगामी बाराफात के मौके पर निकलने वाले जुलूस के आयोजन के लिए मुरैना त्योहार कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से भाजपा नेता जावेद पठान को कमेटी का जिलाध्यक्ष चुना गया। उपस्थित लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।



नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पठान ने कहा कि वे समाज के हर वर्ग को साथ लेकर शिक्षा, सामाजिक सद्भाव और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष परवेश खान, दूदू उस्मानी, अकरम खान, इकबाल कुरैशी, शकील खान, अली बक्स, सिराज खान, अरबाज खान, जावेद दुर्रानी, इकबाल शाह, इकबाल अब्बासी आदि उपस्थित रहे।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**बैतूल।** कई ग्रामीण अपने स्वास्थ्य के प्रति अनभिज्ञ रहते हैं और ब्लड आदि परीक्षण नहीं करवाते हैं। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समाज के वंचित, पिछड़े क्षेत्रों के उत्थान के लिए देश भर में बड़े पैमाने पर सामाजिक और जन-कल्याणकारी कार्य सेवा प्रकल्प चलाती है। जिसमें शिक्षा क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवा, आत्मनिर्भरता और कौशल विकास, सामाजिक समरसता और संस्कार आदि हैं। इसके तहत ग्राम रायपुर प्रखंड शाहपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर मधुसूदन साहू एवं पहावाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचओ सुनीता परते एवं उनके साथ उनकी सहायिकाओं ने सेवाएं दी। शिविर के दौरान परीक्षण करने पर कुछ ग्रामीणों को पहली बार पता चला की उनको मधुमेह और रक्तचाप की समस्या हैं।

# सेवादल ने किया ध्वज वंदन, निकाली प्रभात फेरी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 12 जुलाई।** शहर जिला कांग्रेस सेवादल के नेतृत्व में रविवार को नगर निगम के वार्ड क्रं. 2 स्थित बड़ोखर चौराहा पर ध्वज वंदन एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा, प्रदेशाध्यक्ष अवनीश भार्गव के निर्देश पर आयोजित हुआ।



मुख्य अतिथि कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी और कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राष्ट्रहित और जनसेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। सेवादल के शहर अध्यक्ष प्रदीप रजक ने बताया कि नगर निगम के सभी 47 वार्डों में प्रत्येक रविवार ध्वज वंदन एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, संवैधानिक मूल्यों और जनजागरण का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में विनोद शर्मा, राजकुमार पाठक, मिथुन तोमर, राजेश राठौर, नरेश कारखुर, उदय त्रिपाठी, डॉ. केके श्रीवास्तव, सरफुद्दीन शाह, मोहम्मद अबरार, हामिद खान, नीलेश कुशवाह सहित कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चोरी : हवेली मन्दिर की दान पेटियों से 40 हजार ले गया चोर

**मुलताई।** नगर में नए टीआई के प्रभार लेने के बाद से चोरी की घटनाए लगातार हो रही है। अज्ञात चोरो ने अब मासोद रोड पंप हाउस के पास स्थित खाटू श्याम मंदिर हवेली को अपना निशाना बनाया है।

बताया जाता है शनिवार देर रात अज्ञात चोरो ने हवेली मंदिर की दानपेटी उठाकर खेत में ले जाकर पेटिया तोड़कर करीब 40 हजार रुपए चोरी कर ले गए। चोरी से पहले चोरों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार काटे थे ।जिसके बाद खाटू श्याम महिला मंडल की महिलाए थाने पहुंची एवं घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही है। घटना के दौरान मंदिर का चौकीदार और पुजारी सो रहे थे, इसलिए किसी को इसकी भनक नही लगी। सुबह जब पुजारी मंगला आरती करने मंदिर पहुंचे तो मंदिर में दान पेटिया नही मिली ।जिसकी सुचना श्रद्धालुओं को दी,तलाश करने पर मंदिर के पीछ खेत मे टूटी हुई पेटियां पडी हुई थी। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दान पेटिया बरामद की। पुजारी युगल किशोर शर्मा ने बताया कि दान पेटियो में करीब 40 हजार रुपए से अधिक की राशि होने का अनुमान है।

मंदिरों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओ के बाद श्रद्धालुओं में गुस्सा दिखाई दे रहा है। अब लोग पुलिस की गश्त पर सवाल उठा रहे है। वहीं पुलिस मंदिर में हुई पुरानी चोरी का खुलासा नही कर पा रही, जिससे चोर मंदिरो को निशाना बना रहे है। महिला मंडल ने कार्रवाई करने एवं दूसरे मंदिरो में चोरी की पुनरावृति नहीं होने की बात कही है।

## 30 ग्रामों में पहुंचा जन्मोत्सव प्रचार रथ

**मुलताई।** पवित्र नगरी में सूर्य पुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जन्मोत्सव के सप्त दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जन्मोत्सव प्रचार रथ रवाना किया है, जो प्रतिदिन ग्रामो में पहुंचकर प्रचार प्रसार कर रहा है। वहीं ग्रामीण रथ में सवार ताप्ती जल कलश का पूजन कर आमत्रंण स्वीकार कर है। रविवार को रथ कामथ, चिखली, दुनावा, सावरी, घाट बिरोली, हतनापुर सहित करीब 30 में पहुंचा एवं प्रचार प्रसार किया, जहां ग्रामीणों ने रथ में ताप्ती जल कलश का पूजन किया। न्यास के सदस्य डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया 14 जुलाई को न्यास के ग्रामीण कार्यकर्ता ताप्ती जल कलश लेने मुलतापी आएंगे, सूर्यपुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास की ग्रामीण समितियां अपने-अपने गांव में मां ताप्ती जल कलश की स्थापना कर साप्ताहिक जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाएंगे।

# भुजलिया नाले में मिला कोल कर्मी का शव

**नवभारत न्यूज**

**सारनी, 12 जुलाई।** शोभापुर कॉलोनी के भुजलिया नाले में रविवार सुबह एक कोल कर्मी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय रामबीरज विश्वकर्मा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा और मर्ग की कायमी कर मामले को जांच में लिया है। वेकोलि सुरक्षा अधिकारी ऋतुराज ने बताया मृतक छतरपुर खदान में कार्यरत था। जिसका शव भुजलिया पुलिया में मिला है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

लोगों का मानना है कि रात 8 बजे जब मंदिर में आरती हुई तब तक रामबीरज को वहां देखा गया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि लघु शंका करने नाले के पास रामबिरज गया होगा। इस दौरान नाले में गिर गया होगा।

इस संबंध में पाथाखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी मनोज उइके ने बताया कि भुजलिया नाले में मिले शव की पहचान 50 वर्षीय रामबिरज विश्वकर्मा के रूप में हुई है। पंचनामा, मर्ग की कायमी कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह का पता चल पायेगा।